संख्या–cm-44
22/01/2025

# प्रगति यात्रा के दौरान मुख्यमंत्री ने अररिया जिले को दी करीब 305 करोड़ रुपये की सौगात, 449 योजनाओं का किया उद्घाटन एवं शिलान्यास

पटना, 22 जनवरी 2025 :– मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने आज प्रगति यात्रा के तीसरे चरण में अररिया जिले के रानीगंज प्रखंड स्थित पंचायत हांसा से करीब 305 करोड़ रुपये की 449 विकासात्मक योजनाओं का रिमोट के माध्यम से उद्घाटन एवं शिलान्यास किया। इनमें 159.15 करोड़ रुपये की लागत से विभिन्न विभागों की 404 योजनाओं का उद्घाटन तथा 145.50 करोड़ रुपये की लागत से 45 योजनाओं का शिलान्यास शामिल है।

मुख्यमंत्री ने रानीगंज प्रखंड के हांसा पंचायत स्थित ग्राम बलुआ में अमृत सरोवर योजना अंतर्गत जीर्णोद्धार कराए गए बलुआ पोखर का निरीक्षण किया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि काफी अच्छे ढंग से इस पोखर के चारों तरफ सीढी घाट का निर्माण करा दिया है। पोखरा का सौंदर्यीकरण भी ठीक ढंग से कराया गया है। यहां लोगों को आकर काफी अच्छा लगेगा।

विभिन्न विभागों एवं जीविका दीदियों द्वारा लगाए गए स्टॉल का मुख्यमंत्री ने अवलोकन किया। अवलोकन के क्रम में मुख्यमंत्री ने जीविका दीदियों से बातचीत करते हुए कहा कि आप सभी स्वयं सहायता समूहों से जुड़कर काफी अच्छा काम कर रही हैं। हम जब सांसद और केंद्र में मंत्री थे तो कई जगहों पर जाकर स्वयं सहायता समूहों के कामों को देखा था। हमने देखा कि बिहार में स्वयं सहायता समूहों की संख्या नाम मात्र थी। वर्ष 2005 में जब हम लोगों को बिहार में काम करने का मौका मिला तो हमलोगों ने स्वयं सहायता समूहों की संख्या बढ़ाने का फैसला किया। इसके बाद वर्ष 2006 में विश्व बैंक के कर्ज लेकर हमलोगों ने स्वयं सहायता समूहों का विस्तार करना शुरू किया। स्वयं सहायता से जुड़ी महिलाओं को जीविका दीदी नाम हमने ही दिया, इससे प्रेरित होकर उस समय की केंद्र सरकार ने इसका नाम देश भर में आजीविका दिया। जीविका दीदियां काफी अच्छे ढंग से लोगों से बेहिचक बातचीत करती हैं, उनकी आर्थिक स्थिति भी ठीक हो रही है। मुझे यह देखकर बड़ी प्रसन्नता होती है। हमलोगों ने अब शहरी क्षेत्रों में भी स्वयं सहायता समूहों का गठन कराना शुरू किया है। अब तक शहरी इलाकों में 26 हजार स्वयं सहायता समूहों का गठन हो चुका है, जिससे 3 लाख से अधिक जीविका दीदियां जुड़ी हैं। हम जहां भी जाते हैं जीविका दीदियों से जरूर मिलते हैं और उनकी बातों को सुनते हैं। जो जरूरतें होती है उसे सरकार के स्तर से पूरा किया जाता है।

इस दौरान मुख्यमंत्री ने सतत जीविकोपार्जन योजना अंतर्गत लाभुकों को 4 करोड़ 27 लाख 23 हजार रुपये का सांकेतिक चेक, सतत् जीविकोपार्जन योजना के अंतर्गत ई–रिक्शा की चाबी, 3158 जीविका स्वयं सहायता समूह एवं 37896 जीविका दीदियों को बैंक लिंकेज के द्वारा आर्थिक सहयोग हेतु 104 करोड़ 51 लाख 50 हजार रुपये का सांकेतिक चेक, कृषि यंत्र बैंक की चाबी, बिहार स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड, मुख्यमंत्री कन्या उत्थान योजना का सांकेतिक चेक, अभियान बसेरा अंतर्गत सुयोग्य श्रेणी के लाभुकों को सरकारी भूमि की बंदोबस्ती का प्रमाण पत्र, बिहार राज्य प्रवासी मजदूर दुर्घटना अनुदान योजना का सांकेतिक चेक, मुख्यमंत्री प्रखंड

परिवहन योजना अंतर्गत अनुदानित बस की चाबी एवं 5 लाख रुपये का सांकेतिक चेक लाभुकों को प्रदान किया।

इसके पश्चात् मुख्यमंत्री ने हांसा पंचायत स्थित प्लस 2 राजकीय कृत रामानुग्रह उच्च विद्यालय के प्रांगण में बने खेल मैदान का रिमोट के माध्यम से उद्घाटन किया। उद्घाटन के पश्चात मुख्यमंत्री ने खेल मैदान का निरीक्षण किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि युवाओं के लिए काफी अच्छा खेल मैदान बन गया है। हमलोग खेल और खिलाड़ियों को बढ़ावा देने के लिए हर प्रकार से मदद कर रहे हैं। विभिन्न खेलों के उत्कृष्ट खिलाड़ियों को सरकारी नौकरी भी दी जा रही है। स्कूल प्रांगण में खेल मैदान के बनने से अधिक से अधिक विद्यार्थी भी खेल के प्रति प्रोत्साहित होंगे। प्लस 2 राजकीयकृत रामानुग्रह उच्च विद्यालय के रोबोटिक लैब तथा नेचर क्लास रूम (प्रकृति कक्षा) का भी निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि नेचर क्लास रूम का दृश्य काफी आकर्षक है, यहां वृक्षारोपण कराया गया है। यह बहुत अच्छा है। अधिकारियों को निर्देश देते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि स्कूली बच्चे ठीक ढंग से यहां घूम फिर सकें, इसके लिए यहां की भूमि समतल कराकर पेवर ब्लॉक लगाने की व्यवस्था सुनिश्चित करें।

इसके पश्चात् मुख्यमंत्री ने रानीगंज प्रखंड के हांसा पंचायत में नवनिर्मित हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर भवन का रिमोट के माध्यम से उद्घटान किया। अररिया जिला अंतर्गत विभिन्न विभागों के विकासात्मक योजनाओं का रिमोट के माध्यम से शिलापट्टों का अनावरण कर उद्घाटन एवं शिलान्यास किया। मुख्यमंत्री ने रानीगंज प्रखंड के छतियौना पंचायत का भ्रमण कर विकास कार्यों का जायजा लिया तथा स्थानीय लोगों से बातचीत भी की। इस दौरान मुख्यमंत्री ने छतियौना पंचायत के वार्ड नंबर–9 के रिहीटोला में जीविका भवन तथा अररिया प्रखंड के आबिदा एंड शम्स मेमोरियल–चैरिटेबल ट्रस्ट, बेलवां में 100 शैय्या वाले अल्पसंख्यक बाल छात्रावास के निर्माण कार्य के शिलापट्ट का अनावरण कर शिलान्यास किया।

अल्पसंख्यक कल्याण विभाग एवं समाज कल्याण विभाग द्वारा लगाए गए स्टॉल का मुख्यमंत्री ने अवलोकन किया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने लाभुकों के बीच मुख्यमंत्री मुस्लिम महिला परित्याकता/तलाकशुदा योजना का सांकेतिक चेक, मुख्यमंत्री अल्पसंख्यक विद्यार्थी योजना का सांकेतिक चेक, मुख्यमंत्री अल्पसंख्यक उद्यमी योनजा का सांकेतिक चेक, मुख्यमंत्री अंतर्जातीय विवाह प्रोत्साहन अनुदान योजाना का सांकेतिक चेक, मुख्यमंत्री दिव्यांगजन सशक्तिकरण छत्र 'संबल' योजनान्तर्गत बैटरी चलित ट्राई साइकिल की चाबी वितरित किया। सतत् जीविकोपार्जन योजना अंतर्गत संपोषित सितारा जीविका स्वयं सहायता समूह से जुड़ी जीविका दीदी द्वारा खोली गई दुकान का मुख्यमंत्री ने अवलोकन किया। मुख्यमंत्री ने अररिया प्रखंड अंतर्गत मैनापुर में प्रस्तावित अररिया–कुर्साकाटा–कुआरी–सिकटी पथ के चौड़ीकरण एवं मजबूतीकरण कार्य का स्थल निरीक्षण किया। जिसकी कुल लंबाई 34.5 किलोमीटर है। इसकी अनुमानित लागत राशि 161 करोड़ रुपये है। अधिकारियों ने साइट प्लान के माध्यम से प्रस्तावित–सैफगंज–महछावा–भरगामा–सुकैला मोड़ पथ के चौड़ीकरण एवं मजबूतीकरण कार्य तथा अररिया जिलान्तर्गत प्रस्तावित चिकित्सा महाविद्याल के स्थल के संबंध में मुख्यमंत्री को विस्तृत जानकारी भी दी।

इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री श्री सम्राट चौधरी, जल संसाधन सह संसदीय कार्य मंत्री श्री विजय कुमार चौधरी, अल्पसंख्यक कल्याण मंत्री मोहम्मद जमा खान, सांसद श्री प्रदीप कुमार सिंह, विधायक श्री जयप्रकाश यादव, विधायक श्री अचमित ऋषिदेव, विधायक श्री विद्यासागर केसरी, विधान पार्षद श्री ललन सर्राफ, जिला परिषद अध्यक्ष श्री अफताब अजीम, जिला कार्यक्रम कार्यान्वयन समिति के उपाध्यक्ष श्री आशीष पटेल, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव डॉ0 एस0 सिद्धार्थ, मुख्यमंत्री के सचिव श्री कुमार रवि, सहकारिता विभाग के सचिव श्री धर्मेंद्र सिंह, बिहार राज्य पुल निर्माण निगम लिमिटेड के अध्यक्ष श्री शीर्षत कपिल अशोक, पूर्णिया प्रमंडल के आयुक्त श्री राजेश कुमार, पूर्णिया प्रक्षेत्र के पुलिस उप महानिरीक्षक श्री प्रमोद कुमार

मंडल, पुलिस उप महानिरीक्षक सुरक्षा श्री दीपक वर्णवाल, अररिया के जिलाधिकारी श्री अनिल कुमार, पुलिस अधीक्षक श्री अंजनी कुमार सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति एवं वरीय अधिकारी उपस्थित थे।

******